# BIC समूह की भ्रष्टाचार-निरोधक नीति

अक्टूबर 2020

# BIC समूह की भ्रष्टाचार-निरोधक नीति

**अक्टूबर 2020**

## BIC रिश्वत या भ्रष्टाचार को सहन नहीं करता है

सत्यनिष्ठा के लिए अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए, BIC किसी भी रूप में रिश्वत और भ्रष्टाचार को प्रतिबंधित करता है–हर उस जगह जहाँ हम कार्य करते हैं।

## इस नीति के प्रयोज्यता का दायरा

BIC के सभी टीम सदस्यों, अधिकारियों, निदेशकों, अनुषंगियों, और संबद्ध कंपनियों के लिए इस नीति का अनुपालन करना अनिवार्य है। यह नीति किसी भी तृतीय-पक्ष के ठेकेदारों, विक्रेताओं, सलाहकारों, और BIC के लिए या उसकी ओर से काम कर रहे सभी अन्य एजेंटों या व्यक्तियों पर भी लागू है।

## संदर्भ

हमारे व्यवसाय में किसी भी रूप में अनुचित भुगतान, अनुचित फायदा, या रिश्वत लेने या देने के लिए कोई जगह नहीं है। यदि रिश्वत का प्रस्ताव दिया जाता है लेकिन स्वीकार नहीं किया जाता है, या वादा किया जाता है लेकिन पूरा नहीं किया जाता है, तो यह ऐसा वातावरण बनाता है जिसमें रिश्वत और भ्रष्टाचार स्वीकार्य लगते हैं। फ्रांस के कानूनों के साथ साथ BIC और इसके टीम सदस्यों पर विश्व-भर में लागू होने वाले कानूनों द्वारा रिश्वत प्रतिबंधित है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय लेनदेन में विदेशी सार्वजनिक अधिकारियों को रिश्वत देने पर रोकथाम हेतु आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन के समझौता (Organisation for Economic Co-operation and Development Convention on Combating Bribery of Foreign Public Officials in International Business Transactions) के अनुसार पारित किए गए अन्य देशों के कानून, अमरीकी विदेश भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (U.S. Foreign Corrupt Practices Act - "FCPA"), यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम (U.K. Bribery Act - "UKBA"), और कई अन्य स्थानीय तौर पर लागू कानून और विनियम शामिल हैं। यह कानून कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा उल्लंघन करने पर उन पर गंभीर दंड लगाते हैं, जिसमें भारी जुर्माना, और व्यक्तियों के मामले में कारावास, शामिल हैं।

## रिश्वत क्या है?

रिश्वत कोई लाभ, फायदा, या कोई मूल्यवान वस्तु की पेशकश करना या प्राप्त करना, वादा करना है, जो किसी को उसकी भूमिका के उचित निष्पादन से विसंगति रखती हुई या गैर कानूनी, बेईमानी करने के लिए प्ररित करे। भ्रष्टाचार निजी लाभ के लिए सौंपी गई शक्तियों का दुरूपयोग है, जिसके मामूली प्रभाव के प्रयोग से लेकर संस्थागत रिश्वतखोरी तक कई प्रकार हो सकते हैं।





## सिद्धांत

### सरकारी अधिकारियों के साथ व्यवहार

हमें कभी भी सरकारी अधिकारियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, व्यवसाय प्राप्त करने या बनाये रखने या व्यावसायिक लाभ उठाने के लिए उनके कार्य को प्रभावित करने की मंशा से कोई लाभ देने या वादा करने का प्रस्ताव नहीं करना चाहिए। यह नीति, सरकारी अधिकारियों के कार्यालयीन कर्तव्यों में कुछ अनुचित करवाने के मकसद से उन्हें "सहूलियत" या "चाय-पानी" का भुगतान, छोटे भुगतान, और तोहफे देने का निषेध करती है। किसी नेमी सरकारी कार्य के निष्पादन या उस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु सरकारी अधिकारीयों को ऐसे भुगतान सख्ती से निषिद्ध हैं, जब तक कि ऐसी शीघ्र कार्रवाई या प्रीमियम प्रक्रमण आमतौर पर उपलब्ध न हों और ऐसे भुगतान वैध हों। जब हम या हमारी तरफ से अन्य लोग सरकारी अधिकारियों से व्यवहार कर रहे हों तो हमें हमेशा अधिक सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि हमारे कार्यों से BIC या संलिप्त व्यक्ति को गंभीर दंड भुगतना पड़ सकता है। यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि हो सकता है एक व्यक्ति स्थानीय कानूनों के तहत अधिकारी न समझा जाए, फिर भी वह FCPA, UKBA, या BIC और इसके विश्व भर के टीम सदस्यों पर लागू अन्य कानूनों के तहत सरकारी अधिकारी समझे जा सकते हैं। यदि असमंजस में हों कि कोई व्यक्ति सरकारी अधिकारी है या नहीं, तो सुनिश्चित करने के लिए टीम सदस्यों को सदैव स्थानीयBIC के आंतरिक वकील से सलाह लेनी चाहिए।

**Q** क्या BIC ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता को सार्वजनिक किया है?

**A** हाँ, जैसा कि हमारी BIC की आचार संहिता और इस नीति में वर्णित है, हमने जबरन वसूली और रिश्वत सहित भ्रष्टाचार के सभी रूपों के विरुद्ध कार्य करने की प्रतिबद्धता की है।

**Q** "सरकारी अधिकारी" कौन हैं?

**A** कई प्रकार के लोग, जिसमें निम्नलिखित उदाहरण शामिल हैं:

- सेना और पुलिस सहित, सरकार की सभी शाखाओं के अधिकारी और कर्मचारी;
- धमार्थ उद्यमों सहित, सरकार के स्वामित्त्व या नियंत्रित व्यवसायों या उद्यमों के अधिकारी और कर्मचारी।
- राजनीतिक पार्टी के अधिकारी और कर्मचारी और राजनीतिक पद के लिए उम्मीदवार;
- सार्वजानिक अंतर्राष्ट्रीय संगठनों (जैसे U.N.) की ओर से या उनके लिए आधिकारिक क्षमता के रूप में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी, और व्यक्ति, जिनके अधिकारियों को यू.एस. कानून से राजनयिक उन्मुक्ति प्राप्त है;
- शाही खानदान के सदस्य।

## निजी संस्थाओं और ऐसे व्यक्तियों के साथ व्यवहार जो सरकारी अधिकारी नहीं हैं



हमारे अधिकतर व्यावसायिक संबंध निजी संस्थाओं और व्यक्तियों से हैं। उन लेनदेनों में भी जहाँ सरकारी अधिकारी शामिल न हों, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सावधान रहना चाहिए कि हम सदैव पूरी सत्यनिष्ठ से काम करते हैं और काम करते दिखते हैं।

- हमें किसी भी व्यक्ति को, जिसके बारे में हम जानते हैं कि उसे प्राप्त करने की अनुमति नहीं है, या किसी व्यवसाय के निर्णय को अनुचित रूप से प्रभावित करने के मकसद से, कोई लाभ, फायदा, या कोई मूल्यवान वस्तु प्रस्तावित नहीं करनी चाहिए।
- कोई भी वस्तु, जिस से हमें लगे कि यह अनुचित रूप से व्यवसाय निर्णय को प्रभावित करेगी, निर्णय लेने वाले को अनुचित रूप से प्रभावित करेगी, या प्राप्तकर्ता द्वारा उनके नियोक्ताओं के किसी कर्तव्य का उल्लंघन कराएगी, तो प्रदान करने या प्राप्त करने से पहले हमें लाइन मैनेजर से लिखित रूप से पूर्व अनुमति प्राप्त करना होगा।
- हम कानूनी और उचित व्यवसाय गतिविधि से संबंधित यथोचित और उपयुक्त यात्रा सुविधा, भोजन और कुछ मनोरंजन खर्चों की पूर्ति करने का प्रस्ताव दे सकते हैं।

यदि किसी लाभ या निमंत्रण (दिया गया या प्राप्त किया गया) की उपयुक्तता के बारे में कोई प्रश्न है तो BIC के आंतरिक वकीलसे सम्पर्क करें।

## कॉर्पोरेट सत्कार, उपहार और प्रायोजन

भोजन, मनोरंजन, और उपहार कई स्थितियों में कार्यकारी संबंधों की एक उचित मान्यता है। ये "मूल्यवान वस्तु" भी समझी जाती हैं, और सदैव यह सुनिश्चित करना हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि जो पेश किया गया है या स्वीकार किया गया है वह अनुचित या ठाठदार नहीं है और कभी भी उसका गलत अर्थ नहीं निकाला जाता है। यहाँ तक कि मनोरंजन भी, जो अन्यथा उचित समझा गया हो, यदि प्रतिभागी को गलत तरीके से प्रभावित करने के मकसद से दिया गया है तो इस नीति द्वारा अनुमत नहीं है। आगे, याद रखें कि केवल ऐसा प्रस्ताव भी जो आप जानते हैं कि प्राप्तकर्ता आधिकारिक रूप से स्वीकार न कर सके, कुछ परिस्थितियों में गैरकानूनी हो सकता है।

**यह निर्णय लेने में कि क्या "उचित" है, निम्नलिखित सिद्धांतों का पालन करना चाहिए:**

- किसी भी परिस्थिति में नकद या नकद समकक्ष का प्रस्ताव न करें।
- मामूली मूल्य के उपहारों का प्रस्ताव दें, और जिस पर BIC ब्रांड अंकित हो उसे प्राथमिकता दें।
- मनोरंजन का प्रस्ताव या उसे स्वीकार तभी करें जब वह कभीकभार हो, व्यवसाय से संबंधित हो, ओर स्थानीय व्यवसाय सन्दर्भ में उचित हो। हमें अत्यधिक या अनुचित मनोरंजन प्रदान या स्वीकार नहीं करना चाहिए या बाध्यता की भावना नहीं उत्पन्न करनी चाहिए, विशेष रूप से जब प्राप्तकर्ता सरकारी अधिकारी हो।
- जब तक कि प्राप्तकर्ता द्वारा इसकी याचना न की गई हो, इसका मकसद प्रतिभागी को गलत रूप से प्रभावित न करने का हो, और अन्यथा लागू नियमों के अनुरूप, कानूनन और उचित हो तो, BIC की आचार संहिता के अनुरूप, हमारे सुविधा स्थानों पर सत्कार का कभीकभार उचित प्रावधान, सामान्य क्रम में आमतौर पर उचित होता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसा सत्कार देते समय विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि हो सकता है स्थानीय कानून और नियमों में ऐसा करने की मनाही हो।

प्रायोजन में एक सहमत वाणिज्यिक लाभ के लिए प्रायोजनकर्ता उनके संगठन की गतिविधियों से जुड़े नामों, सेवाओं, उत्पादों को दिखाने के लिए सहमत होते हैं। उपहार, मनोरंजन, दान, या योगदान से प्रायोजन अलग है।

**Q** **एक वर्तमान सेवा प्रदाता ने एक प्रमुख कार्यक्रम के लिए 1000 यूरो मूल्य की कॉर्पोरेट सत्कार टिकट मेरे प्रत्यक्ष अधिनस्थ को प्रस्तावित की है। कुछ समय से सेवा प्रदाता के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं और यद्यपि कोई व्यावसायिक निर्णय लंबित नहीं है, फिर भी 1000 यूरो काफी बड़ी रकम है - क्या मै इसका अनुमोदन कर सकता हूँ?**

**A** इसकी कीमत काफी अधिक देखी जा सकती है इसलिए एहतियात के तौर पर आपका इसे जांचना सही है। सेवा प्रदाता का इरादा क्याहै? यदिउद्देश्य पूरी तरह से संबंध बनाना है जिसमें कोई अपेक्षित व्यवसाय निर्णय नहीं है, तो इससे समस्याहोने की संभावना नहीं है और आप इसे मंजूरी दे सकते हैं। याद रखें - कॉर्पोरेट हास्पिटैलिटी में कु छ भी गलत नहीं है बशर्तेकियह सामयिक, उचित हो, हमारे व्यावसायिक हित में हो, और अनुचित उद्देश्य के लिए प्रदान न की गई हो। यदिआप इस तरह के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए अनिश्चित हैं तो हमेशा अपनी स्थानीय कानूनी टीम के साथसंपर्ककरें।

# BIC समूह की भ्रष्टाचार-निरोधक नीति अक्टूबर 2020

## साझेदारों से संबंध

हम उन साझेदारों के साथ संबंध बढ़ाना चाहते हैं जो हमारी आचरण संहिता में दिए गए आचरण मानकों और हमारे मूल्यों में भागीदारी रखते हैं और जो उपयुक्त रिश्वत-निरोधक और भ्रष्टाचार-निरोधक प्रक्रियाओं को लागू करते हैं। BIC की ओर से किसी साझेदार के साथ संबंध बनाने से पहले, आप अपने को संतुष्ट कर लें कि कहीं साझेदार से रिश्वत या भ्रष्टाचार का जोखिम तो नहीं है। किसी साझेदार के बारे में जाँच या पूछताछ के दौरान जब भी आपको भ्रष्टाचार का संदेह हो, अपने स्थानीय BIC के आंतरिक वकीलसे सम्पर्क करें।

## धमार्थ, सामुदायिक, और राजनितिक योगदान

BIC, जिस मार्केट में परिचालन करती है उसमें सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है; फिर भी, धर्मार्थ, सामुदायिक, और राजनीतिक योगदानों को, रिश्वत छुपाने का साधन मत बनाएं। यदि हमसे, BIC की तरफ से या निजी हैसियत से धर्मार्थ योगदान या उपदान देने के लिए कहा गया है तो हमें बहुत सावधान रहना चाहिए, विशेष रूप से तब, यदि अनुरोध एक सार्वजनिक कर्मचारी या सरकारी अधिकारी की तरफ से आया है या लाभार्थी किसी सरकारी अधिकारी से जुड़ा हुआ है। धन, सेवाओं, या सुविधाओं का उपदान किसी धर्मार्थ या समुदाय के प्राप्तकर्ता को देने से पहले, BIC की आचार संहिता में दी गयी प्रक्रियाओं और स्थानीय मार्किट के ढांचे का पालन करना चाहिए। राजनितिक संगठनों या राजनीतिक उम्मीदवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने के लिए BIC कोष और समूह की अन्य परिसंपत्तियों का प्रयोग नहीं किया जाए। एक उपदान समझौता के कर उपचार के मूल्यांकन के लिए अपने कर प्रबंधक और BIC के आंतरिक वकीलसे सम्पर्क करें।

## हितों का टकराव

हितों के टकराव वहां उत्पन्न होते है जहाँ BIC के सर्वोत्तम हितों के साथ एक निजी हित की दखलंदाजी हो या दखलंदाजी प्रतीत हो। जब एक कर्मचारी मूल्य वाली किसी वस्तु का अनुरोध करे, प्राप्त करने को राजी हो जाये या प्राप्त कर ले, और निष्पादन में किसी टीम सदस्यों के निर्णय में दखल करे या BIC की तरफ से उसकी भूमिका में दखल करेतो हितों के टकराव रिश्वत की समस्या में विकसित हो जाते हैं। हमें अपनी निजी, राजनीतिक और धर्मार्थ गतिविधियों को अपने कार्य से अलग रखने के लिए बहुत ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। हितों के टकराव पर अधिक विवरण के लिए, कृपया BIC की आचार संहिता पढ़ें।

## जिम्मेदारी

इस नीति, BIC की आचार संहिता, और सभी कानूनों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी है। लाइन प्रबंधकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके अधीनस्थ आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि वे इस नीति और लागू कानूनों के अनुपालन में काम कर सकें। आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने सहकर्मियों और अन्य पक्षों के साथ बातचीत में इस नीति के पीछे जो मूल्य हैं उनका सम्प्रेषण करें और यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त कदम उठायें कि आपके अन्य पक्षीय साझेदार रिश्वत या भ्रष्टाचार के जोखिम में BIC को न डालें।

## तीसरे पक्षों के साथ व्यवहार करना

हम तीसरे पक्षों के आचरण के लिए जिम्मेदार हैं जो व्यापारिक लेनदेनों में हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं। हमारे व्यापारिक भागीदारों द्वारा गैरकानूनी आचरण BIC पर बुरा प्रभाव डालता है और BIC के खिलाफ गंभीर दंडों का कारण बन सकता है। इसलिये, किसी भी तीसरे पक्ष को शामिल करने या शामिल करना जारी रखने से पहले, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए तीसरे पक्ष पर जाँच करनी चाहिए कि तीसरे पक्ष का अवधारण सभी परिस्थितियों और BIC के सर्वोत्तम हितों में उचित है।



**Q यदि मुझे महसूस हो कि किसी व्यक्ति को शारीरिक खतरे जैसी क्षति से बचाने के लिए मुझे भुगतान करना पड़ रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?**

**A** हमारे लोगों का स्वास्थ्य और बचाव हमारा मुख्य कर्तव्य है। ऐसे कम संभावना वाली परिस्थिति में, आपको वह सब करना चाहिए जो उस व्यक्ति के तुरंत बचाव के लिए आवश्यक है। जितना जल्दी संभव हो भुगतान की रिपोर्ट विधि टीम को करें ताकि उपयुक्त रूप से इसे रिकॉर्ड किया जा सके।

**Q क्या इस नीति के तहत अनुमत स्कूलों को उपदान दिया जा सकता क्योंकि स्कूल कभीकभी सरकारों द्वारा परिचालित होते हैं?**

**A** स्कूलों को दान कई मामलों में अनुमत हैं यदिवे किसी विशिष्ट व्यक्तिको लाभ नहीं पहुंचाते हैं, यदिवे उस स्थान के कानून और नियमों के तहत अनुमत हैं जहाँ वे दिए जाते हैं, और यदिवे कोई पारस्परिक लाभ या फायदा प्राप्त करने या किसी भी निर्णय को प्रभावित करने के लिए नहीं किए गए हैं। BIC का आंतरिक वकील यह निर्धारित करने में आपकी सहायता कर सकता है किक्याकोई विशेषदान अनुमत है।



## अभिलेख रखना

सख्त कानूनों की अपेक्षा है कि हम अपने अभिलेख सही और पारदर्शी रखें। हमें सभी भोजनों, मनोरंजन, यात्रा, उपहार, धर्मार्थ योगदान, पूर्वानुमोदित प्रलेखों, साझेदारों की जाँच, और सहायक प्रलेखों का अभिलेख आवश्य रखना चाहिए। इसमें प्रशिक्षण अभिलेख और वे अभिलेख भी शामिल हैं, जिन्हें हम उपयुक्त BIC लेखांकन पद्धति में रखते हैं।

## यह मेरे ऊपर कैसे लागू होता है?

- कभी भी, "सुविधाजनक बनाने के लिए भुगतान" या अनुचित भुगतानों सहित रिश्वत का प्रस्ताव मत करें और स्वीकार भी मत करें।
- किसी अनुचित चीज को पाने के लिए कभी भी उपहार, लाभ, भुगतान या अन्य फायदों का न तो प्रस्ताव करें और न ही उन्हें स्वीकार करें।
- कभी भी ऐसा मत करें कि इन सिद्धांतों और संबंधित मार्ग दर्शनों के उल्लंघन की किसी को प्रेरणा या अनुमति मिले।

## निगरानी रखना और रिपोर्ट करना

रिश्वत-निरोधक और भ्रष्टाचार संबंधित कानूनों का उल्लंघन रोकने के लिए इस नीति का पालन करें और प्रश्न पूछने से मत डरें—अपने स्थानीय BIC के आंतरिक वकील से सम्पर्क करें। याद रखें, रिश्वतखोरी गैरकानूनी है, इसलिए किसी वास्तविक या संदिग्ध उल्लंघन की रिपोर्ट अपने स्थानीय BIC के आंतरिक वकीलसे करें, चाहे BIC उसमें प्रत्यक्ष रूप से लिप्त न हो।

इस नीति के उल्लंघन से स्थानीय अनुशासनिक नीतियों के तहत निपटा जाएगा।

**Q** **कोई कर्मचारी, जो आप जानते हैं कि वह आपके आपूर्तिकर्ताओं में से एक के यहाँ काम करता है, अचानक आपको कॉल करता है। वह बताता है कि हाल ही में आपूर्तिकर्ता का स्थानीय स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया है और उन्हें कुछ उत्पाद ऐसे मिले हैं जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं हैं। कर्मचारी का ख्याल है कि कंपनी के अंदर ही किसी ने अधिकारी को रिश्वत दी है ताकि इसे वह अपनी रिपोर्ट में न डाले। वह व्यक्ति आपको यह भी बताता है कि बाद में उन उत्पादों को BIC को भेज दिया था। आपको क्या करना चाहिए?**

**A** स्थानीयविधि टीम से सलाह करें, वे यह सलाह देंगें कि BIC को आपूर्तिकर्ता द्वारा भेजे गये उत्पादों को स्वीकार करना चाहिए या नहीं। यदि अफवाह प्रमाणित हो जाती है तो, BIC को आपूर्तिकर्ता को बताना चाहिए कि वे उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवसाय नहीं करते जो रिश्वत देते हैं या कोई अन्य गैरकानूनी गतिविधियाँ चलाते हैं।

## संपर्क सूत्र और अधिक जानकारी

BIC की आचार संहिता और BIC नीतियों से संबंधित सभी मामलों पर अपने स्थानीय BIC के आंतरिक वकील, मैनेजर या HR बिज़नस के प्रमुख आचरण अधिकारी से सहायता और मार्गदर्शन लें।

इस नीति की अंतिम समीक्षा और अद्यतन सितम्बर **2020में अक्टूबर।**



BiC®